तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

13 संग्रहालय पहुंच कर बच्चों ने जाना प्राचीन इतिहास



14 15 तक बढ़ाने होंगे 25 प्रतिशत विद्यार्थी



### गांव नाहरा में प्रशासन व ग्रामीणों के बीच गतिरोध जारी

# नाहरा पावरग्रिड : पुलिस बल बढ़ाया, किसानों ने की पंचायत

**किसानों ने मुकदमा दर्ज करने पर जताया रोष कंपनी ने गड्ढे खोदने का काम तेज किया, कंपनी की मांग पर बढ़ाया पुलिस बल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव नाहरा में पावर ग्रिड की लाइन बिछाने के मामले में प्रशासन व ग्रामीणों के बीच गतिरोध बरकरार है। मंगलवार को पुलिस की निगरानी में गांव में गड्ढे खोदने का काम तेज कर दिया गया है। इसको लेकर टावर कंपनी ने पुलिस बल बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई है। उधर, मुआवजा बढ़ाने की मांग कर रहे किसानों ने धरना स्थल पर पंचायत की। पंचायत में पुलिस की तरफ से किसानों पर मुकदमा दर्ज करने पर रोष जताया गया। इसके साथ ही किसानों ने स्पष्ट किया के धरना जारी रखेंगे। किसान मुकदमों से डरने वाले नहीं है। साथ ही किसान अब एक बार फिर महापंचायत करने जा रहे हैं। जिसकी तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

गुजरात के कच्छ से शुरू हुई हाई ट्रांसमिशन लाइन के हिस्से में दिल्ली के औचंदी से सोनीपत के गांव माहरा तक लाइन बिछाई जा रही है। जिसका गांव नाहरा के किसान विरोध कर रहे हैं। किसान इसके लिए मार्केट रेट का मुआवजा मांग रहे हैं। किसानों को हिरासत में लेकर कंपनी ने टावर लगाने का काम भी शुरू करा दिया था, लेकिन उसके बाद से किसान धरने पर बैठे हुए हैं। यहीं नहीं इस मामले में कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किसानों की कई बार बैठक भी हो चुकी हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। रविवार को किसानों ने महापंचायत की थी। जिसके बाद कंपनी की तरफ से खोदे गए गड्ढों को भर दिया था। फैसला लिया गया था कि मुआवजा मिलने तक काम नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान किसानों व पुलिस प्रशासन के बीच झड़प भी हुई थी। इसी तरह दूसरे दिन सोमवार को मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती में कंपनी ने फिर से गड्ढों को खोदने का काम शुरू किया तो फिर से गांव की महिलाएं व कुछ किसानों के साथ पुलिस की तनातनी हो गई थी। पुलिस ने विरोध करने जा रहे किसानों को रोक दिया था।



सोनीपत। जेसीबी के जरिये गड्ढे खोदने का काम करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### रात भर चलता रहा काम, पुलिस तैनात

तनातनी के बीच नाहरा में पावर ग्रिड लाइन बिछाने के लिए काम जारी है। बताया जा रहा है कि रात को भी काम किया गया। किसानों की तरफ से भरे गए सभी गड्ढों से बुलडोजर की मदद से मिट्टी निकाल दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। किसानों के विरोध की आशंका के चलते रात को भी पुलिस की तैनाती की गई थी।

### किसान जल्द फिर से महापंचायत करेंगे

कुंडली थाना पुलिस ने कंपनी के अधिकारी के बयान पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, धमकी देने व सरकारी अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में 16 नामजद समेत 100 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। नामजद किसानों में कई किसान नेता भी शामिल हैं। इनमें भाकियू के युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल, संयुक्त किसान मोर्चे के सदस्य रवि आजाद, नाहरा के सरपंच उमेश दहिया, जिला पार्षद राकेश, सतेंद्र, बलजीत डागर, प्रवीण दहिया, जयभगवान, हंसराज राणा, राजेश दहिया, ओमप्रकाश, नसीब, रोजी देवी, सावित्री देवी, संतोष व दया समेत अनेक अन्य किसान शामिल हैं। किसानों ने मंगलवार को धरना स्थल पर पंचायत की और मुकदमे दर्ज किए जाने के मामले में रोष प्रकट किया। किसानों ने कहा कि वह अपनी जमीन के लिए फांसी पर चढ़ने को तैयार है। इस दौरान जल्द फिर से महापंचायत करने की बात कही गई। प्रधान उमेश दहिया ने कहा कि वह मुकदमे दर्ज करने से डरने वाले नहीं है। कंपनी व सरकार को हर हाल में मुआवजा मार्केट रेट के हिसाब से देना पड़ेगा, अन्यथा किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



खरखौदा। सरसों की खरीद को लेकर हंगामा करते हुए किसान व सरसों की तोल कराते हुए अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## सरसों की तुलाई में कथित गड़बड़ी पर बिफरे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

अनाज मंडी खरखौदा में सरसों की खरीद की जा रही है। जिसमें अनियमितता सामने आने पर सचिव जगजीत सिंह ने हैफेड के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसानों व आढ़तियों ने तोल मापक यंत्रों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। मौके पर सचिव, आढ़ति व हैफेड कर्मी पहुंचे।

जांच की तो पता चला कि एक तोल पर 51 किलो 70 ग्राम मिला। जबकि 50 किलो 450 ग्राम होना चाहिए था। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। हंगामे के बाद सचिव ने आश्वासन दिया है कि संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी और तोल मापक यंत्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

### अन्याय नहीं होना चाहिए

किसानों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, मंडी में किसानों से रिश्वत लेना और माप में किसानों की माप से ज्यादा सरसों की लेना किसानों के साथ अन्याय है। जो होने नहीं दिया जाएगा। मंडी में सभी मापक यंत्रों को अधिकारियों द्वारा जांचा-परखा जाना चाहिए।

*नरेश दहिया, प्रधान, आढ़ती एसोसिएशन, खरखौदा।*

## खबर संक्षेप

### मोबाइल की दुकान में आग से सामान राख

**गोहाना।** शहर में बलिदान मदनलाल ढींगरा पार्क के निकट मोबाइल की दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन केंद्र की टीम ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पूरा सामान जल चुका था। दुकानदार मधुर उर्फ मन्नी ने बताया कि उसने पार्क के निकट मोबाइल की दुकान कर रखी है। सोमवार रात लगभग साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। रात को अज्ञात कारण से आग लग गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने दुकान से धुआं निकलता हुआ देखा। वह भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचा। दूसरी तरफ अग्निशमन केंद्र में भी सूचना दी गई। केंद्र से टीम फायरब्रिगेड की गाड़ी लेकर पहुंची। टीम ने मशक्कत आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा पूरा सामान जल चुका था।

### डीआईसीटी चौक के पास से ट्राला चोरी

गन्नौर। दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल (डीआईसीटी) गन्नौर चौक के पास से चोर ट्राला चोरी कर ले गए। ट्राला मालिक में चोरी की शिकायत गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में विष्णु गार्डन, दिल्ली निवासी प्रभजोत सिंह ने बताया कि उनकी नवजोत कार्गो मूवर्स के नाम से कंपनी है। उनके ड्राइवर ने ट्राले को गन्नौर डीआईसीटी चौक के पास खड़ा किया था। 1 अप्रैल को सुबह उनका ट्राला चोरी हो गया। उन्होंने अपने स्तर पर ट्राले की तलाश की, लेकिन कही पता नही चला।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

गोहाना। जिले के थाना बरोदा पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित जिला सोनीपत के गांव लिबासपुर निवासी दीपक पुत्र बस्तीराम है। जानकारी के अनुसार एक अप्रैल को थाना बरोदा में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक नरेश अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में गांव रुखी की सीमा में मौजूद था। तभी उनको खुफिया जानकारी मिली की दीपक के पास अवैध देशी पिस्तौल है और वह गांव रूखी में छिछड़ाना मोड पर खड़ा है। उसने नीले रंग की जीन्स की पेंट व काले रंग की छापेदार शर्ट पहन रखी है। पुलिस ने मौके पर उसे गिरफ्तार कर लिया।



## बैयांपुर में चुनाव का पर्व

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय द्वारा गांव बैयांपुर में चुनाव का पर्व व आपकी बेटी हमारी बेटी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परियोजना अधिकारी पूनम आंतिल रही। परियोजना अधिकारी ने कार्यक्रम में पहुचें सभी को आने वाले लोकसभा में अपने मत का सही प्रकार से उपयोग करने के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही सरकार की अनेक स्कीम के बारे में बताया गया। इस मौके पर राज रानी, सुमित्रा सुपरवाइजर, गांव की आगंनवाड़ी वर्कर व गांव के करीब 300-350 बुजर्ग, व्यक्ति, युवा, महिलाएं उपस्थित रहे।

## लघु सचिवालय में किसानों का धरना लगातार जारी

■ खराब फसलों का मुआवजा न मिलने से सरकार से खफा किसान डीडीए से मिलने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



गोहाना। धरने पर बैठे हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

अपनी खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर सोनीपत रोड स्थित लघु सचिवालय में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। अपनी मांग को लेकर मंगलवार को किसान सोनीपत कृषि उप निदेशक से मिलने पहुंचे। पीएम फसल बीमा योजना में रिलायंस बीमा कम्पनी ने मुआवजे के भुगतान के समय किसानों की पॉलिसियां ही रद कर दीं। कम्पनी पर एफआईआर दर्ज करवाने और मुआवजे के भुगतान के लिए सोनीपत जिले के किसानों ने 29 जनवरी से गोहाना में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। धरने का नेतृत्व भाकियू चढूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाकियू पहले ही घोषणा कर चुकी है कि मुआवजा न मिलने के विरोध में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी को गांवों में नहीं घुसने दिया जाएगा। उनका आरोप है कि बीमा कंपनी और सरकार आपस में मिलकर किसानों का शोषण करने में लगे हुए हैं।

## लहरी सिंह पार्क में आचार संहिता का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वन नेशन वन ग्रिड का कटआउट विज्ञापन नहीं हटा

शहर के लहरी सिंह पार्क में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है। प्रशासन ने लहरी सिंह पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट के साथ वन नेशन वन ग्रिड का विज्ञापन अब तक नहीं हटाया है। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद सरकार की योजनाओं से जुड़े विज्ञापन हटाने या मिटाने का नियम है, ताकि इन विज्ञापनों के जरिए मतदाताओं के बीच प्रलोभन न आए। हालांकि आचार संहिता लगते है प्रशासन ने शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों के अलावा जहां-जहां इस तरह के विज्ञापन थे, उन्हें हटवा दिया, लेकिन प्रशासन लहरी सिंह पार्क में लगे इस विज्ञापन हटाना भूल गया है।




गन्नौर। लहरी सिंह पार्क में लगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वन नेशन वन ग्रिड का कटआउट।

**हटवाया जाएगा कटआउट:** इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए नगरपालिका सचिव व बीडीपीओ की ड्यूटी लगा रखी है। लहरी सिंह पार्क में कटआउट के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। नगरपालिका सचिव को कटआउट को हटवाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसे तुरंत प्रभाव से हटवा दिया जाएगा।

## पुलिस के कथित उदासीन रवैए पर वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ बार एसोसिएशन खरखौदा के प्रधान कमल शर्मा के नेतृत्व में वकीलों की बैठक

बार एसोसिएशन खरखौदा के प्रधान कमल शर्मा के नेतृत्व में वकीलों की एक बैठक हुई। जिसमें इस बात पर चिंता जताई गई कि वकील गौरव शर्मा पर हुए हमले के आरोपियों को अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। बार-बार पुलिस को शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिससे वकीलों को लगता है कि पुलिस जानबूझकर इस मामले में ढिलाई बरत रही है और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। अब इस मुद्दे पर खरखौदा बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखने का फैसला लिया है और वर्क सस्पेंड तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया है। इस मौके पर प्रधान कमल शर्मा ने कहा कि मंगलवार को 1 दिन का वर्क सस्पेंड किया गया है। अगर शाम तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो यह वर्क सस्पेंड पूरे सोनीपत जिले में लागू किया जाएगा। इसके बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं करती है तो हरियाणा स्तर पर हड़ताल की काल की जाएगी और वर्क सस्पेंड किया जाएगा। इस अवसर पर वकील आशुतोष शर्मा, सुमित पाराशर, जगमोहन सहित अनेक वकील उपस्थित रहे।

### खरखौदा: सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**खरखौदा।** रोहणा मार्ग पर ईंटों से लदी खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में मोटरसाइकिल टकरा जाने से सवार युवक की मौत हो गई है। डीघल निवासी राजवीर ने बताया कि उसका साला संदीप मोटरसाइकिल पर सवार होकर डीघल आ रहा था। जब वह खरखौदा के रोहणा मार्ग पर पहुंचा तो उसकी मोटरसाइकिल मार्ग पर खड़ी हुई एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। बेहोशी की हालत में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के शिकार युवक के परिजनों का आक्षेप है कि ट्रैक्टर चालक ने यातायात नियमों का उल्लंघन किया है। जिससे यह दुर्घटना घटित हुई है।

**सफलता** पीड़ितों के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

# साइबर ठगों के जाल में फंसी महिला और युवक, दोनों से 11.73 लाख की राशि ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

साइबर ठगों का मकडजाल लगातार फैलता जा रहा है। थोड़ी सी लापरवाही बरतते ही वह खाता खाली कर देते हैं। साइबर ठग मोटी कमाई का झांसा देकर लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प रहे हैं। फिर से ऑनलाइन एप से मोटी कमाई का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर महिला व युवक से 11.73 लाख हड़प लिए गए। पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी है।

> ऑनलाइन झांसा देकर राशि ऐंठने की शिकायतें मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
> **राजपुरोहित,** डीसीपी सोनीपत।

**ठगी का मामला नंबर-1:** सेक्टर-23 निवासी राजरानी ने बताया कि 3 फरवरी को जब वह मोबाइल का प्रयोग कर रही थी तो उन्हें घर से काम करने (वर्क फ्रॉम होम) के नाम पर एक ग्रुप का लिंक मिला था। जिसे उन्होंने ज्वाइन कर लिया था। उसे अपने बैंक खाते से लिंक कर दिया। उस ग्रुप में अलग-अलग टास्क दिए जाते थे। जिन्हें पूरा करने पर उन्हें लाभ दिया जाता था। उन्होंने 24 फरवरी को 50 रुपये प्रति टास्क के हिसाब से 12 टास्क पूरे करने पर उन्हें 3900 रुपये दिए गए। बाद में 13वें टास्क के दौरान उन्हें ग्रुप की और से भेजे गए खाता नंबर में पहली बार 1000, दूसरी बार 2000, तीसरी बार 12000 और चौथी बार 36000 रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने वह राशि दे दी। उन्हें फिर से भरोसे में लेकर 26 फरवरी को एक अन्य बैंक खाते में 36000 रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने वह जमा करा दिए। इसी बीच उनका एप अकाउंट ग्रुप की तरफ बंद कर दिया गया था, उसे चालू करने के नाम पर 68000 रुपये दोबारा जमा करवाने को कहा गया। उन्होंने वह भी जमा करा दिए। उसके बाद उनके पति के खाते से भी अलग-अलग बैंक खातों में रुपये जमा कराए गए। उन्होंने फर्जी खातों में टास्क पूरा करने के नाम पर उनसे कुल 6,55,129 रुपये जमा करा लिए। तब उन्हें गठी का अहसास हुआ तो रुपये वापस मांगे गए। उन्हें रुपये नहीं दिए गए। जिस पर साइबर थाना में शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मामला नंबर-2


वहीं राजीव नगर निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि 20 मार्च को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से पार्ट टाइम जॉब के लिए कॉल आई थी। जब उन्होंने जॉब के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया कि रेस्टोरेंट को फाइव स्टार रेटिंग देनी होगी। जिससे अच्छी कमाई की जा सकती है। पांच रिव्यू देने पर छठे रिव्यू पर उन्हें क्वाइन डीसीएक्स नाम की कंपनी में कुछ रुपये निवेश करने को कहा गया। उन्हें बताया कि निवेश की गई राशि का 30 से 50 फीसदी हिस्सा 15 मिनट में बैंक खाते में आ जाएगा। हरदीप सिंह ने बताया कि उनके पहले दो निवेश की राशि उनके खाते में डाली गई। उसके बाद कोई ना कोई कारण बताकर वह उनकी राशि को फ्रीज करते रहे। 22 मार्च से 27 मार्च तक उन्होंने कुल राशि 5,18,417 रुपये उनके दिए गए अलग-अलग खातें में डाली गई। वह अब भी उनसे 4.92 लाख रुपये मांग रहे है। तब उन्हें ठगी का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। उन्होंने यह राशि अपने व अपनी पत्नी के बैंक खातों से डलवाई है। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## साइबर थाना पुलिस ने पांच मुकदमों में 22 आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना पुलिस ने पांच मुकदमों में 22 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से भारी मात्रा में मोबाइल फोन, चार्जर सहित लाखों रुपये की राशि को बरामद किया जा चुका है।

मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि साइबर मामलों में कार्यवाही करते हुए सोनीपत साइबर थाना पुलिस ने प्रदेश में सबसे ज्यादा मामलों को गिरफ्तार करने का काम किया है। टीम ने पांच बड़े मामलों में अब तक 22 आरोपितों को काबू किया है। आरोपितों के पास से ठगी किए हुए रुपयों में से 1,42,500 रुपए भी बरामद किए हैं। इस दौरान अलग अलग अपराधियों से 91 मोबाइल फोन, 74 सिम कार्ड, 371 एटीएम कार्ड, 233 चेक बुक, 45 पास बुक, आठ पेन कार्ड, 12 आधार कार्ड, पांच लेपटोप, एक प्रिंटर, 24 यूपीआई स्कैनर, 3 पीओएस मशीन व 9 वाइफाई राऊटर भी बरामद किये हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपितों को न्यायालय के आदेश से पुलिस रिमाण्ड पर लेकर उनसे गहनता से पूछताछ की गई। आईसीआईसीआई से प्राप्त डाटा के अनुसार आरोपितों के खिलाफ पुरे भारत वर्ष में कुल 9,027 शिकायतें व तकरीबन 350 मुकदमे दर्ज पाए गए हैं इन शिकायतों/मुकदमों में ज्यादातर सोशल साइट वटसअप पर लिंक भेजकर, ऑनलाइन ट्रेडिंग की ट्रेनिंग के नाम पर, स्टॉक इन्वेस्टमेंट की नई नई स्कीम बताकर या विडियो कॉल के मध्यम से अश्लील विडियो बनाकर आदि अलग अलग तरीके से फजीर्वाड़ा कर धोखाधड़ी की जाती है।



■ आरोपितों के पास से ठगी गई एक लाख 42 हजार की राशि सहित अन्य उपकरण बरामद

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि साइबर अपराधी व्हाट्सएप या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते है। आमजन से अपील है कि इस प्रकार कोई रुपये मांगे तो उसे पैसे देने के बजाय पुलिस को शिकायत करें। पुलिस हर संभव मदद कर आरोपितों को गिरफ्तार करेगी।



दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।



# डिजिटल सेक्टर में कैसे संवारें भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भविष्य में भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग** : कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम** : 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज** : सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स** : डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स** : एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

## आभासी दुनिया करियर बढ़ाने में कर सकती है मदद


# चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बनकर डिजिटेक दुनिया में कमाएं नाम

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

एक शब्द जिसने हाल ही में आईटी उद्योग में तहलका मचा दिया है, वह है 'चैटजीपीटी'। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ एक चैटबॉट, जिसे चैटजीपीटी कहा जाता है, को वर्ष 2022 में 30 नवंबर को लांच किया गया था। जनवरी में इसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 करोड़ को पार कर गई थी। अधिक उपयोग के बावजूद हंगामा होता है, क्यों? दरअसल, चैटजीपीटी बहुत सारे सफेदपोश पदों के लिए खतरा है। शिक्षण संस्थान भी परेशान है, यह जानते हुए भी कि यह जल्द ही कभी नहीं होगा। अपने करियर में पेशेवरों के लिए, चैटजीपीटी सीखने में काफी मदद कर सकता है, उन्हें नए कौशल प्राप्त करने में सहायता कर सकता है, नौकरी के नए विकल्पों का खोज सकता है और अपने उद्योग में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रख सकता है। प्रत्येक पेशेवर की विशिष्ट आवश्यकताओं और रुचियों को पहचानने के लिए अपनी प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कौशल का उपयोग करके, चैटजीपीटी व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है। करियर क्षेत्र के पेशेवरों को इस तरह से प्रासंगिक और रोमांचक शिक्षण सामग्री का पता लगाना आसान हो सकता है। चैटजीपीटी कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है, पेशेवरों को नए कौशल हासिल करने और अपने पेशेवर पोर्टफोलियो बनाने में मदद कर सकता है।






## क्या है चैटजीपीटी


चैटजीपीटी एक चैटबॉट है,जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) प्रोग्राम एक मशीन लर्निंग सिस्टम है जो डेटा इकट्ठा करता है, इससे सीखता है और शोध निष्कर्ष तैयार करता है। पुट-ई टूल अब भी उपलब्ध है। यह शब्द बनाने के बजाय 3डी दृश्य बनाता है। जिस तरह आप गूगल पर कुछ भी लिखते हैं और आपके सामने जवाब आते हैं। उसी तरह चैटजीपीटी पर सवाल करने पर आपको वो लिखकर जवाब देता है। चैटजीपीटी आपके सारे सवालों के जवाब केवल एक सर्च बॉक्स पर सवाल टाइप करने से देता है। गूगल सर्च से अलग, इस चैटबॉट की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह सोचता है और उनकी तरह सवाल-जवाब कर सकता है। चैटजीपीटी से आप किसी भी टॉपिक पर एक इंसान जैसे ही बात कर पाते हैं। बता दें कि चैटजीपीटी को नवंबर 2022 में ओपनएआई द्वारा लांच किया गया था। चैटजीपीटी से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। फोर्ब्स ने सक्रिय एआई स्टार्टअप्स की संख्या में 14 गुना वृद्धि दर्ज की है। 72% अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में व्यापार में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## यहां अवसर

1. टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, वेब डेवलपर्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट्स)
2. मीडिया नौकरियां (सामग्री निर्माण, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पत्रकारिता)
3. कानूनी उद्योग नौकरियां (पैरालीगल, सहायक) बाजार अनुसंधान विश्लेषकों
4. शिक्षक, प्रोफेसर
5. वित्त नौकरियां (वित्तीय विश्लेषक, सलाहकार) ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट
6. ग्राफिक डिजाइनर
7. लेखाकार
8. ग्राहक सेवा एजेंट

## मददगार टूल होगा

चैटजीपीटी करियर के विकास पर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे पेशेवरों को नए करियर के अवसरों की पहचान करने में मदद मिलती है। विभिन्न विषयों पर चैटजीपीटी के ज्ञान की त्वरित पहुंच के कारण पेशेवर अपने प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं और तेजी से अपने सीखने को आगे बढ़ा सकते हैं। चैटजीपीटी नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर पेश करते हुए पेशेवरों को उनके उद्योग के अन्य विशेषज्ञों से जोड़ सकता है। पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद करने के लिए, चैटजीपीटी व्यक्तिगत कोचिंग और परामर्श प्रदान कर सकता है। पेशेवर अपने क्षेत्र में सबसे हालिया प्रगति के साथ अद्यतित रह सकते हैं और चैटजीपीटी के चल रहे सीखने के अवसरों का लाभ उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रख सकते हैं। चैटजीपीटी के सीखने के संसाधनों तक पहुंच के साथ पेशेवर जब भी उनके लिए सबसे सुविधाजनक हो सीख सकते हैं।




## क्या है करता

*चैटजीपीटी आपके लिए कंप्यूटर कोड जनरेट करता है। इसके साथ-साथ सवालों के जवाब, कथाओं को पूरा, अधूरे मुहावरे को सही करने, गिनती करने, नॉन-फिक्शन और फिक्शन कंटेंट लिखना और अनुवाद करना जैसे कार्य करता है।*

## क्यों बनाया गया

माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी को एक एप्लिकेशन को मनुष्यों की तरह बातचीत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कविता लिखने से लेकर किसी और समस्या के जवाब के लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं।

## स्मार्टफोन पर चैटजीपीटी नहीं

चैटजीपीटी का इस्तेमाल स्मार्टफोन पर नहीं किया जा सकता है। अगर आप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर इसे खोजने का प्रयास करते हैं तो यहां फेक एप्स ही मिलती हैं, क्योंकि इस चैटबॉट का कोई ऑफिशियल एप अभी तक पेश नहीं हुआ है।

## कैसे कर सकते इस्तेमाल

इस चैटबॉट का इस्तेमाल चैटजीपीटी की ऑफिशियल वेबसाइट **chat.openai.com**. पर कर सकते हैं। वेबसाइट पर साइन-अप करने के बाद एक अकाउंट क्रिएट करना होगा। साइन अप के लिए **https://chat.openai.com/auth/login** पर विजिट कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद अकाउंट वेरीफाई करवाना होगा। इसके लिए ईमेल पर वेरिफिकेशन लिंक पर प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद आप सर्च बार पर अपने सवालों को पूछ सकते हैं। मालूम हो कि, चैटजीपीटी का इस्तेमाल अभी फ्री में किया जा सकता है। हालांकि, बहुत जल्द कंपनी चैटबॉट के लिए प्रीमियम सर्विस ला सकती है।

## क्या सीखें

मशीन लर्निंग सीखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई सीख कर चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। एआई सीखने के लिए गूगल समेत अनेक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म हैं। आजकल करियर का नया डेस्टिनेशन है।

# व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान से सुधारा जा सकता है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

तनाव और अवसाद के समय में प्रेरित रहना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। परीक्षाओं, पढ़ाई, करियर, और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के साथ निपटने के लिए, छात्रों को तनाव को संभालने और प्रेरित रहने की कला को सीखना आवश्यक है। तनाव के समय में प्रेरणा का आधार स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली का होता है। नियमित व्यायाम, प्राणायाम, और ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। सही आहार और पर्याप्त नींद भी छात्रों को तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, अपने कामों को स्वतंत्रता से निर्वाह करना और सकारात्मक सोच भी छात्रों को प्रेरित रख सकता है।

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

समय का सही प्रबंधन और सहायक संगठनों का सहारा भी उन्हें अधिक उत्साहित कर सकता है। अधिकतर, स्वाध्याय और प्रेरणा भी छात्रों को उनके उद्देश्यों की दिशा में प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार, छात्रों को तनाव के समय में प्रेरित रहने के लिए अपने जीवन में ये सारे कदम उठाने चाहिए। आधुनिक युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह आधुनिक तकनीकी उपकरणों के द्वारा संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल मीडिया ने हमें दुनिया भर में अपने दोस्तों, परिवार, और समाज से जुड़े रहने का मौका दिया है। हालांकि, इसके साथ ही यह एक सुरक्षा का मुद्दा भी उठाता है। सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की एक कार्यकारी रणनीति अपनाना आवश्यक है। पहले भारतीय युवा को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने प्रोफाइल की निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलने की सलाह देनी चाहिए। उन्हें सावधानीपूर्वक अपनी पोस्टिंग करनी चाहिए ताकि वे अपनी निजी जानकारी को अनावश्यक लोगों से साझा न करें। दूसरा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोग के लिए एक्सेस नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। युवा को अपने डिवाइस के लिए पासवर्ड लॉक लगाने की सलाह दी जानी चाहिए, ताकि कोई अनधिकृत उपयोगकर्ता उनके खाते में प्रवेश न कर सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपने डिवाइस पर सोशल मीडिया ऐप्स को अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं। तीसरा, विशेष ध्यान देना चाहिए कि युवा अपने ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के साथ न केवल साइबर अपीक्स तकरार करनी चाहिए, बल्कि वे अपने प्राइवेट जानकारी को अपने हाथ में रखें। यह भी जरूरी है कि युवा अभिभावकों या विशेषज्ञों से संपर्क करें यदि उन्हें ऑनलाइन अपशब्दों, धमकी, या किसी भी अन्य अप्रिय गतिविधियों का सामना करना पड़ता है।

## साइबर बुलिंग से सावधानी जरूरी

साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता और सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि युवा साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बच सकें।

- **पासवर्ड की मजबूती**: अपने सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड चुनें और उन्हें नियमित अंतराल में बदलें।
- **निजी जानकारी का संरक्षण**: निजी जानकारी को साझा करने से पहले ध्यान दें और केवल विश्वसनीय और आवश्यक जानकारी ही साझा करें।
- **साइबर बुलिंग के खिलाफ**: किसी भी तरह की साइबर बुलिंग को तुरंत रिपोर्ट करें और इसे बचाव में आने के लिए अपने दोस्तों और परिवार से सहायता मांगें।
- **सावधानी से फिलहाल**: अनजाने या संदिग्ध संदेशों, लिंकों, या फाइलों को कभी खोलने से पहले सावधानी बरतें।
- **अपडेट रहें**: सोशल मीडिया ऐप्स और सॉफ़्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करें, क्योंकि ये अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं।
- **संवेदनशीलता बनाए रखें**: अपने और अन्य लोगों की संवेदनशीलता का सम्मान करें और अनचाहे संदेशों या फोटोग्राफ़ों को साझा न करें।
- **जागरूक रहें**: सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन नैतिकता के बारे में जागरूक रहें और अपडेटेड रहें।

***इन तरीकों का पालन करके युवा सोशल मीडिया पर सुरक्षित रह सकते हैं और उन्हें अपने ऑनलाइन अनुभवों का आनंद लेने में सक्षम होगा। एक विद्यार्थी को किसी अन्य व्यक्ति के अच्छे वेतन और पसंद को देखकर कमजोर नहीं होना चाहिए।***

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### दुकान के बाहर से डपंर चोरी, शिकायत दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत-बहालगढ़ सड़क मार्ग पर दुकान के बाहर से डंपर के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंटेनर मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव रेवली निवासी वजीर सिंह ने बताया कि वह मिट्टी रेत भरत का काम करता है। उसके पास दो डंपर है। उसने एक डंपर को बहालगढ़ रोड पर खराब होने के चलते मिस्त्री की दुकान के सामने खड़ा किया था। किसी ने उसे चोरी कर लिया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### चोरी के आरोपित को कारावास भेजा

**गोहाना।** पीओ बेलजम्परो व पैरोलजम्परो की धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत एक उद्घोषित आरोपित बरोदा थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी गांव रिंढाणा निवासी हरीश पुत्र भूप सिंह है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। बरोदा थाने में नियुक्त मुख्य सिपाही नसीब ने अपनी पुलिस टीम के साथ पीओ, बेलजम्परों व पैरोलजम्परों की खोजबीन करते हुए वर्ष 2021 में थाना बरोदा में दर्ज एक चोरी की घटना में संलिप्त उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय द्वारा 2024 में उदघोषित अपराधी घोषित कर किया गया था।

### सेल्समैन की हत्या के आरोप में एक दबोचा

**नई दिल्ली/नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुई सेल्समैन की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बुलंदशहर जिले के निवासी अतुल के रूप में हुई है, जिसके पास से एक मोटरसाइकिल, देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि अतुल अपने साथी प्रीत अन्य के संग 30 मार्च रात दो बजे गांव हैबतपुर स्थित शराब की दुकान पर पहुंचा और अंदर सो रहे सेल्समैन हरिओम नागर से शराब की मांग की। सेल्समैन ने शराब देने से इनकार किया तो उन्होंने उसे गोली मार दिया, जिससे नागर की मौत हो गई।

### दहेज हत्या के मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। करिश्मा की शादी दिसंबर 2022 में इकोटेक-तृतीय थाना क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव के निवासी विकास से हुई थी। मृतका के भाई दीपक की शिकायत के अनुसार, शादी के बाद ससुराल पक्ष ने करिश्मा पर अतिरिक्त दहेज और एक फॉर्च्यूनर गाड़ी लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हमें 29 मार्च को सूचना मिली कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की बहन से अतिरिक्त दहेज की मांग की और मांग पूरी नहीं होने पर करिश्मा को प्रताड़ित कर, पीट-पीटकर मार डाला।

### दोपहिया वाहन भी निकालने में हो रही परेशानी

# अगवानपुर रेलवे अंडरब्रिज का काम अधर में छोड़ दिया

### अंडरपास से संबंधित निर्माण का काम रेलवे की दूसरी विंग देख रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

अगवानपुर रेलवे फाटक पर अस्थाई अंडरब्रिज के रास्ते का निर्माण लंबे समय से अधर में लटका हुआ था। जब भी रेलवे फाटक बंद हो जाती है तो दो पहिया वाहन चालक अंडरब्रिज के उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर निकलने को मजबूर होते हैं। वहीं अगवानपुर रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। ऐसे में यदि समय पर अंडरपास का निर्माण नहीं हुआ तो वाहनों के लिए आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाएगा। अगवानपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने से पहले ही अस्थाई अंडरपास का निर्माण पूरा होने के दावे किए जा रहे थे, लेकिन रेलवे विभाग इसकी सुध ले रहा है। अगवानपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हुए 4 महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अस्थाई अंडरपास आज भी ज्यों का त्यों पड़ा है। अंडरपास का रास्ता पूरी तरह से कच्चा है। अगवानपुर फाटक रोड से अंडरपास के लिए कच्च रास्ता बना है, लेकिन दूसरी और राजलूगढ़ी रोड पर निकलने का रास्ता जोखिम भरा है। यहां से वाहन निकालना खतरे से खाली नहीं है, लेकिन मजबूरी में लोग अंडरपास से निकल रहे हैं। जिससे लोगों ने रेलवे प्रशासन के प्रति रोष है। चालकों का आरोप है कि शायद विभागों को हादसे का इंतजार है। वाहन चालकों का कहना कि रेलवे द्वारा वाहन चालकों की सुविधा के लिए रेलवे क्रासिंग के लिए बनाए अस्थाई अंडरपास व रास्ता निर्माण पर काफी रुपये खर्च कर दिए, लेकिन निर्माण अधूरा छोड़ने की वजह से इसका कोई फायदा उन्हें नहीं मिल रहा है। रेलवे विभाग ने इन रुपयों का दुरुपयोग किया है।



**गन्नौर।** अगवानपुर फाटक के पास अंडरपास में रास्ता जिसका निर्माण न होने से परेशान लोग। *फोटो :हरिभूमि*

#### निर्माण के बाद देखरेख की जिम्मेदारी

सोनीपत रेलवे के आईओडब्ल्यू नरेश ने बताया कि अंडरपास से संबधित निर्माण का काम रेलवे की दूसरी विंग देख रही है। उनका काम तो निर्माण के बाद देखरेख करने का है। निर्माण न होने से संबधित पूरी जानकारी उसी विंग से मिलेगी।

### संग्रहालय पहुंच कर बच्चों ने जाना प्राचीन इतिहास



**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में मंगलवार को स्कूली बच्चे शिक्षकों के साथ पहुंचें। इस दौरान बच्चों ने 100 से 5 हजार साल पुरानी वस्तुएं को देख कर पुराने इतिहास का दर्शन किया। ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश कुमार खत्री ने बताया कि मंगलवार को 51 बच्चे अपनी अध्यापिकाओं के साथ सुबह के समय पहुंचे और संग्रहालय में वैदिक, रामायण, महाभारत, ऋषि मुनि, मिट्टी बर्तन, फिल्म, पुलिस करंसी, शहीद, टेलीफोन, हवेली आदि गैलरी देखी। *फोटो:हरिभूमि*



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते अस्पताल स्टाफ।

#### फ्री परामर्श व उपचार करने का निर्णय लिया

सोनीपत। फिम्स अस्पताल की स्थापना के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक रजत जैन ने अस्पताल स्टाफ को श्रेय देते उन्हें सम्मान दिया। रजत जैन ने कहा कि इसी उपलक्ष मे फिम्स प्रबंधन ने अप्रैल मास में दिल व फेफडे रोग का निःशुल्क परामर्श व उपचार करने का निर्णय लिया हैं। साथ ही सभी प्रकार की जांचों पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हर मरीज को एक मेडिकल बैनिफिट कार्ड निःशुल्क दिया जाएगा, जिसमें मरीज व उसका पूरा परिवार लाभार्थी होगा। इस कार्ड धारक परिवार को निःशुल्क परामर्श के अतिरिक्त जांच व ईलाज पर भी छूट दी जाएगी। फिम्स के चेयरमैन आरपी जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में समस्त स्टॉफ व डाक्टरों को सम्बोधित करते कहा कि अस्पताल में रोगी हमारे भरोंसे पर, अपनी लाचारी की हालत में ईलाज करवाने आते है। उनकी सेवा, पूर्ण व श्रेष्ठ ईलाज ही हमारा धर्म हैं। यह धर्म निभाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया। समारोह में फिम्स के सभी निदेशकगण, वरिष्ठ पदाधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष व स्टॉफ उपस्थित थे।

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित डिंपल निवासी खेर अलीगढ़ का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाजल निवासी बलराम ने गत 28 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने छोटे बेटे सौरभ के साथ बाइक पर खेत में गया था। वह करीब ढाई किला पहले गेहूं की फसल देखने के लिए उतर गया। वहीं सौरभ को बाइक खड़ी करने की बात कही। उसी दौरान शुभम व अन्य एक लड़के ने उसके बेटे की तरफ पिस्तौल करने लगा। उसका बेटा गांव की तरफ भाग लिया। हमलावरों ने कई राउंड फायर किए। किसी तरह उसका बेटा बच गया। करीब एक सप्ताह पहले शुभम के साथ उसके बेटे की कहासुनी हुई थी। जिसकी रंजिश के चलते उसने जान से मारने की नीयत से उसके बेटे पर गोली चला दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# दस लोगों से छह करोड़ की धोखाधड़ी में सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने धोखेबाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में सात ठगों व जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर बीमा पॉलिसियों की परिपक्वता (मैच्योर) राशि जारी करवाने में मदद के नाम पर 10 लोगों से करीब छह करोड़ की ठगी का आरोप है। डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरिदत्त शर्मा निवासी यू-5ए, दूसरी मंजिल, ग्रीन पार्क मेन ने इनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे एनपीसीआई,

■ आरोपियों से 20 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप और एक पेन ड्राइव जब्त

आरबीआई, एसबीआई व अन्य के अधिकारियों बताकर कुछ लोगों ने उनसे करीब 3.5 करोड़ रुपये की ठगी की है। यह सिलसिला अप्रैल 2018 से शुरू हुआ था। 3 जनवरी 2024 को शिकायत पर आईपीसी की धारा 406/420/120-बी के तहत स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मुख्य आरोपी निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर अन्य छह सह-अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। निशांत ने निर्माण विहार में एक जगह किराए पर ली थी। सह-आरोपी देवेंद्र जाली दस्तावेज तैयार करता था। सभी आरोपी व्यक्तियों निशांत, देवेंद्र, मनीष कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सुनील यादव और अंकित गौड़ ने शिकायतकर्ता को प्रलोभन देने के लिए फर्जी नामों का इस्तेमाल किया और उन्हें सरकारी एजेंसियों एनपीसीआई, आरबीआई, एसबीआई आदि से जारी किए गए पत्र भेजे। आरोपी अष्टभुजेश पांडे आरोपी अंकित गौड़ और सुनील यादव को बैंक खाते प्रदान करता था। इनके पास से 20 फोन, चार लैपटॉप, एक पेन ड्राइव व पीड़ितों के डाटा वाले विभिन्न दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### नोएडा पुलिस ने की दिल्ली के नंबर की कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त

**नई दिल्ली/नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच, नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर जांच के दौरान दिल्ली-पंजीकृत एक कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय कासना पुलिस की टीम चुनाव के मद्देनजर सोमवार शाम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के सिरसा टोल पर जांच कर रही थी और इस दौरान एक कार से 11.58 लाख रुपये बरामद किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि कार दिल्ली के बदरपुर इलाके के निवासी राकेश कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


# 10 लाख में दो नेपाली नागरिकों को कंबोडिया भेजने का प्लान हुआ फेल

### आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के हत्थे चढ़े भेजने वाले दो एजेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने वेस्ट बंगाल के दो एजेंट गिरफ्तार किये हैं। इन पर दो नेपाली नागरिकों को जाली कागजातों की मदद से कंबोडिया भेजने की कोशिश का आरोप है। लेकिन एयरपोर्ट पर इनकी चालाकी कामयाब नहीं हो पाई। दोनों यात्रियों को आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। गत वर्ष ही दोनों बॉर्डर क्रॉस कर भारत आए थे। वहीं गिरफ्तार एजेंटों के नाम सुभान शुभ और अनिल लामा तमांग बताये गये है। दोनों वेस्ट बंगाल के दार्जिलिंग के रहने वाले हैं। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी के अनुसार 25-26 मार्च की रात दो लोग दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा को आईजीआई एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट जांच के दौरान पकड़ा गया था। यह लोग बैंकॉक होते हुए कंबोडिया जा रहे थे। डॉक्यूमेंट जांच में पता चला कि यह दोनों नेपाल के रहने वाले नागरिक हैं और इन्होंने भारत का वीजा फर्जी तरीके से लिया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि इनकी मदद दो एजेंटों ने की थी। एक दोस्त के जरिए वह पश्चिम बंगाल के रहने वाले एजेंट के संपर्क में आए थे। एजेंट ने इन्हें 10 लाख रुपए में सारे डॉक्यूमेंट बनाकर कंबोडिया भेजने का वादा किया था। इन्हें भारत का नागरिक बनकर विदेश इसलिए जाना था, क्योंकि यहां के रहने वाले लोगों की सैलरी नेपाल के रहने वाले लोगों से ज्यादा होती है।





**गोहाना।** महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

#### महिला सम्मान समारोह आयोजित

**गोहाना।** बुसाना गांव में मंगलवार को बूढ़ी माता का विशाल भंडारा और महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महिलाओं और बुजुर्गों के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। समारोह के मुख्यातिथि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा बना कर रखें। आपसी भाईचारे से बड़ी कोई चीज नहीं है। हमारा भाईचारा ही एक मजबूत समाज की नींव होता है। समारोह की विशिष्ट अतिथि किन्नर समाज की प्रधान स्वीटी किन्नर और नंदिनी किन्नर रहे। अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र लठवाल, सरपंच रामपाल उर्फ पालू और समाजसेवी खुशीराम भारतीय ने की। मंच संचालन स्टेट अवार्डी राजकुमार सिंहमार ने किया। कार्यक्रम में कई गांवों से ग्रामीणों ने शिरकत की। इस अवसर पर पूनम कुमारी, सुलोचना देवी, सरपंच रूपराम, अनिल कुमार और प्रदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# हर घर पहुंचाएंगे नीतियां : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कांग्रेस की किसान सैल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत दहिया ने बताया कि दिल्ली के अकबर रोड़ पर स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को किसान न्याय योद्धाओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रदेश की सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों से 250 से ज्यादा किसान न्याय योद्धाओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया व किसान कांग्रेस के संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला ने अपने संबोधन उपरांत योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी ताकत और मुस्तैदी से पार्टी के स्तंभ के रूप में कार्य करेंगे। अनंत दहिया ने बताया कि किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा घोषित पांच किसान न्याय गारंटी को लेकर बिंदुवार बारीकी से किसान न्याय योद्धाओं को जानकारी देते हुए उन्हें हर घर तक ये नीतियां पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन ओमवीर तोमर, धर्मबीर कोलेखा, दीपक शर्मा, ओमप्रकाश खत्री, पहलवान सतबीर खटाना, इब्राहिम इंजीनियर, अमित भारद्वाज, प्रदीप ठाकरान, मनोज नाचार, रणदीप मलिक, दिलबाग सिंह ढांडा, दीपक त्रिपाठी, कैप्टन रमा आर्य समेत बड़ी संख्या में किसान न्याय योद्धा मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेतागण। *फोटो:हरिभूमि*



**राई।** आप नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

#### आप गरीब, मजूदर हितैषीः आंतिल

राई। आम आदमी पार्टी के शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल ने हलके के गांवों में जन सम्पर्क कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से सम्पर्क कर लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी व इंडिया गठबंधन को जिताने की अपील की। आंतिल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में आप व गठबंधन के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से देश व प्रदेश की जनता खुश है। वे शीघ्र ही जेल से बाहर आएंगे। उन्हें जेल के अन्दर भी देश की जनता की चिंता है कि किस तरह से जन कल्याणकारी नीतियां बनाकर जनता का भला किया जा सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी गरीब, मजदूर की सच्ची हितैषी है। दिल्ली व पंजाब में आप ने जो सुविधाएं जनता को दी है। उसका मुकाबला दूसरी पार्टी किसी भी सूरत में नही कर सकती। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### उपनिदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने किया रवाना

# विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेणु विद्या मंदिर के सुशील गुप्ता मेमोरियल ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस (विश्व स्वालीनता जागरूकता दिवस)मनाया। संस्थान के उपनिदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने स्वालीनता जागरूकता के विषय में सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। डा. कुल्हाड़े ने अपने विचार रखते बताया कि विश्व स्वालीनता जागरूकता दिवस पर हम सभी एक साथ आएं और ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लें। यह दिन विश्वभर में ऑटिज्म के विशेषता वाले व्यक्तियों को समर्थन और समझ का महत्वपूर्ण संदेश देता है। संस्थान के मुख्य प्रबंधक विजेंद्र सिंह (सहायक प्रोफेसर) ने बताया कि ऑटिज्म एक विकार है जो सामाजिक और संवेदनशीलता में विभिन्नताओं को उत्पन्न करता है। यह विकार व्यक्ति के संवेदनशीलता, संवाद, और सामाजिक इंटरैक्शन को प्रभावित करता है। विजेंद्र सिंह के द्वारा उपस्थित सभी को ऑटिज्म के कारणों एवं ऑटिज्म की रोकथाम के उपायों से अवगत कराया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रत्नेश सिंह ने बताया कि विशेष दिवस को मनाने के माध्यम से, हम समाज में ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस विकार के साथ जीवन जीने वाले व्यक्तियों के प्रति हमारी सहानुभूति और समर्थन का संदेश देते हैं। इसके साथ ही, हम समाज में ऑटिज्म सम्बंधित सेवाओं और संसाधनों के प्रति भी ध्यान देने का संकल्प लेते हैं। कर्नल ढींगरा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर इस विशेष दिन को साकारात्मकता और समझ के संदेशों के लिए उद्दीपित करें।




**राई।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर रैली निकालते स्कूल के छात्र। *फोटो:हरिभूमि*



**सोनीपत।** सेवानिवृत्त होने वाली शिक्षिकाओं के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### राजकीय स्कूल से दो शिक्षिकाएं हुई सेवानिवृत्त

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान से दो शिक्षिकाएं सुनील कुमारी और सुशीला देवी सेवानिवृत्त हो गई। विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार ने बताया कि हिन्दी अध्यापिका सुनील कुमारी 38 वर्ष और पीटीआई सुशीला देवी 35 वर्षों की सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुई है। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) जगबीर मलिक ने भाग लिया। प्राचार्य अतुल कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। प्राचार्य ने सेवानिवृत्त होने वाली दोनों अध्यापिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद था।

**सूचना**

मैं, श्री मंगल पुत्र श्री मंथन सिंह निवासी गांव फाजिलपुर तह. व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सूरज मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती ओमपति पत्नी श्री राजपाल पुत्र श्री सुबेसिंह निवासी गुमड़ तह. गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सचिन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन,व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


खरखौदा। हवन यज्ञ के दौरान धर्म एवं संस्कृति का ज्ञान देते गुरुवर।

### दो दिवसीय धर्म एवं संस्कृति कार्यशाला संपन्न

**खरखौदा।** आचार्य दयानंद हिसार ने मनुष्य जीवन की उपयोगिता ईश्वर का अस्तित्व है या नहीं, धर्म से क्या अभिप्राय, राष्ट्र की गुलामी के कारण, युवक क्यों पाखंड में जा रहे हैं, वेद विषय पर चर्चा, अष्टांग योग का महत्व,उपासना की आवश्यकता, राष्ट्र की एकता के लिए उपयोगी कदम क्या उठाए जाएं, जिससे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया जा सके। इस चिंतन को लेकर प्रताप स्कूल में दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 80 व्यक्तियों ने हिस्सा लेकर धर्म लाभ उठाया। राष्ट्रीय आर्य निर्मात्री सभा के जिला अध्यक्ष रणधीर, सोमवीर आर्य, पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल आर्य कोषाध्यक्ष देवेंद्र रविंद्र व समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही।

### अवैध हथियारों सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** स्पेशल टास्क फोर्स पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल निवासी मुरथल गांव का है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक शिवजीत ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान दिल्ली चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर मुरथल के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

## शिक्षा विभाग राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर दे रहा जोर

# 15 तक बढ़ाने होंगे 25 प्रतिशत विद्यार्थी

- अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी अनुपमा ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये की चर्चा, डीईओ व अन्य अधिकारी रहे मौजूद
- पांचवीं कक्षा के बाद छठी कक्षा में दाखिला करवाने की स्कूल मुखियाओं की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिये शिक्षा विभाग लगातार प्रयासरत है। नए शैक्षणिक सत्र में पिछले के मुकाबले 25 प्रतिशत विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिये स्कूलों को 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिसको लेकर अध्यापक डोर-टू-डोर अभियान भी चला रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाई जा सके। इसके अलावा ड्रॉपआउट बच्चों का पता लगाने के लिये भी काम किया जा रहा है। ऐसे बच्चों के अभिभावकों को दाखिला करवाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

इसी विषय में मंगलवार को शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शिक्षा अधिकारियों के साथ शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थी संख्या बढ़ाने के लिए अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों को छठी कक्षा में दाखिला दिलाने की जिम्मेवारी विद्यालय मुखिया की है। सभी विद्यालय मुखिया अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें।

बैठक उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक परियोजना समन्वयक के साथ विद्यार्थी संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल तक मनाए जाने वाले प्रवेश उत्सव तक निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करें। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही के लिए शिक्षक खुद जिम्मेदार होंगे। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा, खंड शिक्षा अधिकारी खरखौदा सुजाता खत्री, एफएलएन के जिला नोडल अधिकारी मनोज वर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक रूपेंद्र सिंह पूनिया, एपीसी अतर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।


सोनीपत। वीडियो कांफ्रेंसिंग में हिस्सा लेते शिक्षा अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### दो-दो नए बच्चों के दाखिले करवाएंगे

सभी विद्यालय मुखिया व प्रत्येक कक्षा प्रभारी को दो-दो नए विद्यार्थियों का दाखिला करना होगा। जिसका विवरण अध्यापकों की एपीएआर में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की संख्या के अनुसार और आवश्यकता पड़ने पर दोहरी शिफ्ट लगाई जाए, जिससे एक कक्षा एक अध्यापक की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के बच्चों का करवाएंगें दाखिला

शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए इन स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों का दाखिला राजकीय विद्यालयों में किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय मुखिया व कक्षा अध्यापक इन विद्यार्थियों को राजकीय स्कूलों में लेकर आए, जिससे उनका लक्ष्य भी पूरा हो सकेगा और विद्यार्थी संख्या भी बढ़ेगी।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत

शिक्षा विभाग की तरफ से पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए निपुण रिपोर्टर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। एफएलएन के जिला नोडल अधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को 11 हजार रुपये तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा, तर्क संगति, भाषा विकास, आत्मविश्वास व बुनियादी साक्षरता को मजबूत बनाना है।

## जन शताब्दी ट्रेन से कटकर युवक-युवती की मौत

- सोनीपत के गांव पुरखास के रहने वाले युवक-युवती
- दोनों में बताया जा रहा प्रेम प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर बाबा कॉलोनी के पास सोमवार शाम को युवक-युवती ने गाड़ी संख्या 12057 जनशताब्दी एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान दे दी। लोको पायलट ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। जीआरपी ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां मंगलवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

सोमवार शाम को बाबा कॉलोनी के पास रेलवे अप लाइन पर युवक-युवती के ट्रेन के आगे कूद आत्महत्या करने की जानकारी रेलवे पुलिस को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां लोगों की भीड़ लगी थी। जीआरपी ने घटनास्थल का जायजा लिया। घटनास्थल पर मिले युवक के मोबाइल से दोनों की पहचान हो सकी। जिसके बाद जीआरपी ने मामले की सूचना उनके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे गन्नौर थाना क्षेत्र के गांव पुरखास निवासी परिजनों ने मृतकों की शिनाख्त कुलदीप (18) व काजल (21) के रूप में दी। जीआरपी ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया था। मंगलवार को परिजनों के बयान कलमबद्ध करने के बाद पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

### सीएनजी स्टेशन पर कार्यरत था युवक

*जांच अधिकारी ने बताया कि कुलदीप राठधना रोड स्थित एक सीएनजी पंप पर बतौर ऑपरेटर कार्यरत था। काजल घर पर ही रहती थी। कुलदीप पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। वहीं काजल भी पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर थी।*

*बाबा कॉलोनी के पास अपलाइन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस के आगे कूदकर युवक-युवती ने आत्महत्या कर ली। दोनों गांव पुरखास के रहने वाले थे। शुरूआती जांच में कुलदीप व काजल के बीच प्रेम प्रसंग बताया गया है। ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी थी। मंगलवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने 174 के तहत निवारक कार्रवाई की है।*
*-महाबीर सिंह, प्रभारी, जीआरपी थाना, सोनीपत*

## शिविर में 215 मरीजों की हुई जांच

- 31 मरीज मोतियाबिंद के मिले, 26 मरीजों को टीम अपने साथ ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

अग्रवाल धर्मशाला गुड़मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली के वेणु आई इंस्टिट्यूट व रिसर्च सेंटर से चिकित्सकों की टीम ने 215 लोगों की आंखों का चेकअप किया। इस दौरान 31 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए, जिनमें से 26 मरीजों को टीम अपने साथ ले गई। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं बाकि के 5 मरीजों को 4 अप्रैल को ऑपरेशन के लिये भेजा जाएगा। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में चश्मे का वितरण किया गया। शुगर व रक्त की जांच की गई। इस मौके पर प्रधान टीकाराम मित्तल, संजय सिंगला, महासचिव ओडी गर्ग, कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, प्रवीण गोयल, अभिषेक गोयल, अनिल गुप्ता, साहिल मित्तल, सुभाष यादव, डॉ. अंकुर शर्मा, दीपक, जूही, लक्ष्मी दत्त आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## दस को मनाएंगे अंबेडकर जयंती, सौंपेंगे ज्ञापन

- डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने तथा आक्रोश रैली निकालने को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

समता सैनिक दल व हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के एकता मंच के पदाधिकारी ने हुडा यूनियन कार्यालय सेक्टर 15 सोनीपत में मंथन बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संता दल के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव चौहान ने की और संचालन हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने किया।

बैठक में दोनों नेताओं में निर्णय सुनाते हुए बताया कि 10 अप्रैल को अंबेडकर पार्क नजदीक बस अड्डा पर सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को माला अर्पण करके जयंती मनाई जाएगी। दोपहर 12:00 बजे एक आक्रोश रैली मामा भांजा चौक से होते हुए तथा गीता भवन से होते हुए, पुरखास चौक से होते हुए तथा शनि मंदिर होते हुए और चौधरी छोटू राम चौक से होते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को प्रधानमंत्री भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम आमजनता की मांगों का, कच्चे में पक्के कर्मचारियों की मांगों का, स्कीम वर्को की मांगों का, गरीबी महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को समाप्त करने आदि की मांगों का ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा। बैठक में रामकुमार, यशवंत कुमार चौहान, आरके नागर, महावीर सिंह नागर, विजेंद्र कुमार शर्मा, पुष्कर नागर, टीनू मदान, सुरेंद्र रगा, राजेंद्र राठी, बिजेंद्र सिंह रेवाल, सुनील चौहान, ध्रुव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, बलजीत सिंह आदि ने भाग लिया।


सोनीपत। बैठक में उपस्थित मंच और दल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि


गन्नौर। हवन करते हुए स्कूल प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन से किया नए सत्र का शुभारंभ

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम से पहले स्कूल में हवन यज्ञ कराया गया। जिसमें स्कूल स्टाफ ने आहुति डाली और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार ने कहा कि छात्र नए सत्र में नई ऊर्जा, जोश व उत्साह के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। छात्र कामयाब होकर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन करें। इस दौरान सीमा शर्मा, मीना कुमारी, कविता, रेणु, रेखा, धर्म सिंह, आजाद सिंह, जितेंद्र, रणबीर व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## अभिभावक बच्चों को सभ्यता व संस्कृति से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

महामंडलेश्वर और इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. राधानंद सरस्वती ने मंगलवार को अध्यापकों और अभिभावकों का आह्वान किया कि वे बच्चों को संस्कृति, सभ्यता और हिंदी भाषा से जोड़ें। वह गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना आचार, व्यवहार और संस्कार शुद्ध और प्रेरणादायक बनाने का अनुरोध किया। अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने की। संयोजन स्कूल की मैनेजर राकेश कुमार मलिक के साथ प्रिंसिपल जयवीर रूहिल ने किया। अपनी-अपनी कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विशिष्ट आकर्षण राजस्थान, गुजरात और हरियाणा के लोक नृत्यों का रहा। मौके पर अशोक दांगी, प्रीति राणा, निशा शर्मा, संगीता अरोड़ा, गीता मलिक आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे।



गोहाना। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मंडी में 1820 क्विंटल सरसों की सरकारी रेट पर खरीद

- किसानों की समस्या का समाधान प्राथमिकता : सिहाग

**गन्नौर।** अनाज मंडी में बिक्री के लिए रबी फसलों का आना शुरू है। मौजूदा समय में सरसों की फसल मंडी में पहुंच रही है। मंगलवार को नई अनाज मंडी में 2052 क्विंटल सरसों की मंडी में आवक हुई। उसमें से 1820 क्विंटल सरसों की सरकारी रेट 5650 रुपये में खरीद की गई। बाकी सरसों में नमी मिलने के कारण उसकी बोली नही हो पाई। बुधवार को उक्त सरसों में नमी की मात्रा कम होने के बाद खरीद कर ली जाएगी। वहीं मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद की तैयारी पूरी कर ली गई है। पेयजल की व्यवस्था से लेकर सफाई व अन्य काम पूरे कर लिए गए है। सचिव ने बताया कि ग्रामीणों क्षेत्रों में बने सब परचेस सेंटर पर सफाई का काम चल रहा है। सचिव ने बताया कि सब खरीद केन्द्र पर रोशनी की व्यवस्था के लिए लाईटें लगाने का काम किया जा रहा है। मंडी में आने वाले किसान को सरसों व गेहूं की खरीद संबधित कोई समस्या आए तो किसान उन्हें अवगत करवाएं। किसानों की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

## आढ़तियों का आंदोलन जारी, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

अनाज मंडियों में आढ़तियों ने आंदोलन जारी रखा। सरसों की सीधी खरीद व आढ़त में कटौती किए जाने के विरोध में सोनीपत अनाज मंडी में आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने मार्केट कमेटी की सचिव ज्योति मोर को मांगपत्र सौंपकर जल्द समाधान कराने की मांग की। वहीं गोहाना अनाज मंडी में आढ़तियों ने दो घंटे का धरना दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह जल्द अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे।

सोनीपत में रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में एकत्रित आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। अनाज मंडी ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान पवन गोयल ने बताया कि सरकार से सरसों की खरीद पर उनकी आढ़त पूरी तरह से खत्म कर दी है।

सरकार किसानों से सीधे सरसों की खरीद कर रही है। जिसके चलते आढ़तियों में रोष जारी है। सरकार ने पहले गेहूं पर 9.99 रुपये व धान पर 9.19 रुपये आढ़त कम की है। भारतीय खाद्य निगम के साइलो गोदाम में जाने वाले अनाज पर आढ़त पूरी तरह से खत्म कर दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की ओर से उनकी मांगों का समाधान जल्द किया जाए अन्यथा वह आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

महासचिव पवन बंसल ने कहा कि शुरुआत से ही आढ़तियों व किसानों का चोली दामन का साथ है। अगर किसान आढ़तियों के माध्यम से अपनी फसल का भुगतान चाहता है तो उसे यह विकल्प दिया जाए। साथ ही टीडीएस, जीएसटी व मार्केटिंग बोर्ड के नियमों में संशोधन किया जाएगा। इस दौरान प्रवीन गोयल, राकेश बंसल, मुकेश सिंगला, अनुज गर्ग, तरुण कुच्छल, महावीर जैन समेत अन्य आढ़ती भी मौजूद रहे।

## सांसद को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

- आप कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

आज सोनीपत में आम आदमी पार्टी संगठन ने आप के राज्यसभा सांसद को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर खुशी जाहिर की। वरिष्ठ नेता नकीन मेहरा, जिला मीडिया प्रभारी अमरदत्त भारद्वाज, लीगल विंग अध्यक्ष सुरेश मलिक ने आप हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया।

देवेंद्र गौतम ने कहा की जिस शराब घोटाले की पटकथा बीजेपी नेताओं ने ईडी अधिकारियों के साथ बीजेपी कार्यालय पर मिलकर रची थी उसका भंडाफोड़ होना निश्चित था। यह तथाकथित शराब घोटाला बिल्कुल झूठ और निराधार है। आज देश के उच्चतम न्यायालय ने भी उस पर मोहर लगाने का काम किया है। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन उसको दबाया नहीं जा सकता। भगवान आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के साथ है। बुराई पर अच्छाई की जीत निश्चित है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पाल, शेर मोहम्मद, अशोक कुमार, हिमांशु आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। आप कार्यकर्ता खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## विद्यारंभ संस्कार : छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव व विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने आचार-व्यवहार में इस ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्था के मूल संस्कार को अवश्य अपनाएं।

प्राचार्या सुमिता सिंह एवं कन्या गुरुकुल की शिक्षिकाओं ने सभी छात्राओं को तिलक लगाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके लिए मां सरस्वती के आशीर्वाद की कामना की। प्राचार्या सुमिता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता और अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और इसे स्वच्छ एवं पावन रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को कक्षाओं में नियमित उपस्थिति, कक्षा कार्य की पूर्णता के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



गोहाना। प्रवेश उत्सव व विद्यारंभ संस्कार अवसर पर छात्राओं का स्वागत करते हुए प्राचार्या एवं शिक्षिकाएं।

## महिला को सम्मोहित कर उड़ाये सोने के आभूषण

**खरखौदा।** दिल्ली से कपड़े खरीदने खरखौदा में आई महिला को सम्मोहित करके सोने के आभूषण चुराने का मामला प्रकाश में आया है। महिला शांति ने बताया कि वे अपने लड़के के कपड़े व अन्य सामान खरीदने के लिए खरखौदा बाजार में आई थी। जब वह सब्जी मंडी के पास पहुंची तो दो लड़कों से उससे पूछा कि बहादुरगढ़ की बस कहां मिलेगी। इतनी देर में दूसरे लड़के ने उसे कुछ सुंघा दिया और उसे इधर उधर ले जाते रहे। थोड़ी देर में जब उसे होश आया तो महिला के गले की दो तोले के सोने की चैन, सोने की अंगूठी व कानों के बाले गायब हो चुके थे और उसके हाथ में एक पालिथीन मिली जिसमें चिल्र्डन बैंक के पैसे की गड्डी थी। पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सनद रहे कि इससे पहले आंगनबाड़ी की एक सुपरवाइजर के साथ ठीक इसी तरह की धोखाधड़ी हो चुकी है।